आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 18.10.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- सरकार ने जोर देकर कहा– अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से त्योहारों के दौरान बिक्री में वृद्धि हो रही है और जीएसटी दर में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को मिल रहा है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नव–चयनित सहायक समीक्षा और समीक्षा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कहा– भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से इस दीपावली पर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया।
- प्रदेश में धनतेरस का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

जीएसटी 2.0 सुधार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि जीएसटी 2.0 (टू प्वॉइंट ओ) सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा दिया है। इसी कारण त्योहार के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री हुई है। श्रीमती सीतारामन, नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ जीएसटी बचत उत्सव पर संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहीं थीं। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम आदमी तक पहुँच रहा है।

इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष नवरात्रि उत्सव में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले नवरात्रि त्योहार की तुलना में इस वर्ष नवरात्रि सीजन में इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। श्री वैष्णव ने कहा कि जीएसटी सुधारों के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स की बढ़ती मांग का सीधा लाभ इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग को मिल रहा है।

जीएसटी बचत उत्सव पर वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि नवरात्रि के दौरान वाहनों की बिक्री में उछाल आया है और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र ने भी पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

नियुक्ति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में राजस्व परिषद में नव–चयनित सहायक समीक्षा और समीक्षा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से कहा कि सरकारी सेवा को जनसेवा का माध्यम मानकर कार्य करें। उन्हें अपने कार्य में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता का पालन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि बीते चार वर्ष में राज्य में 26 हजार 500 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। सरकार का लक्ष्य है कि राज्य में पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर भर्ती प्रक्रिया को अभियान के रूप में निरंतर आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में बीते वर्षों के दौरान सभी प्रतियोगी परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ आयोजित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज रुड़की में नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से इस दीपावली पर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करते हुए स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए।

धनतेरस अल्मोड़ा

प्रदेश में आज धनतेरस का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। धनतेरस को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। इस शुभ दिन पर, लोग भगवान धन्वंतरि, भगवान कुबेर और देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और सोने, चांदी की वस्तुएं और नए बर्तन खरीदने के लिए शुभ मानते हैं। इस अवसर पर राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न बाजारों में खासी रौनक देखने को मिली। बड़ी संख्या में लोगों ने सोने–चांदी के आभूषण, बर्तन, मिठाई–गिफ्ट, दोपहिया और चौपहिया वाहनों की खरीददारी की। अल्मोड़ा बाजार में लोगों ने तांबे और पीतल के बर्तनों की जमकर खरीददारी की। बर्तन व्यवसायी सक्षम अग्रवाल ने बताया कि धनतेरस पर तांबे और पीतल के बर्तन और मूर्तियां खरीदना शुभ माना जाता है। इस बार ग्राहकों की मांग के अनुसार तांबे के बर्तनों को ऐपण से सजाया गया, जिनकी काफ़ी बिक्री हुई। धनतेरस पर खरीददारी करने आई लता तिवारी ने कहा वह भगवान के भोग के लिए बर्तन खरीदने आई हैं।

धनतेरस चम्पावत

चंपावत जिले में धनतेरस का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। टनकपुर, बनबसा, चंपावत और लोहाघाट के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में बर्तनों, वाहनों, टीवी, मोबाइल, फ्रिज और वॉशिंग मशीन की खरीददारी के लिए लोगों की खासी भीड़ रही। व्यापारी नवीन सुतेडी ने बताया कि इस बार केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी के

दरों में कटौती करने के बाद इलेक्ट्रॉनिक सामानों के दामों में कमी आई है। इससे ग्राहक इन सामानों को खरीदने में खासी दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

वहीं, सोने और चांदी के दामों में उछाल के चलते इनका कारोबार सामान्य रहा।

धनतेरस बागेश्वर

धनतेरस पर बागेश्वर बाजार में आभूषण, बर्तन और मिठाई विक्रेताओं के स्टॉल पर लोगों की खासी भीड़ उमड़ी। चौक बाजार और कत्यूर बाजार में सुबह से ही लोगों की उपस्थिति बनी रही। वाहनों के शोरूम में भी सुबह से ही ग्राहकों का आना–जाना लगा रहा। बर्तन व्यवसायी किरन पांडे ने बताया कि बर्तन की दुकानों में लोगों की भीड़ अधिक रही।

टिहरी जिले के नई टिहरी, चंबा, आगराखाल, लंबगांव, कीर्तिनगर, देवप्रयाग सहित विभिन्न बाजारों में दिनभर रौनक देखने को मिली। लोगों ने अपने घरों के लिए नए बर्तन, सजावटी वस्तुएं और पूजा सामग्री की खरीददारी की। खासतौर पर युवाओं में मोबाइल, एलईडी टीवी, मिक्सर आदि की खरीददारी को लेकर उत्साह देखा गया। केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में कटौती के बाद इन वस्तुओं की खरीदारी अधिक मात्रा में हुई। वहीं, महिलाओं ने पारंपरिक रूप से धनतेरस के दिन धन और सुख–समृद्धि के प्रतीक के रूप में लक्ष्मी–गणेश की मूर्तियों और दीयों की खरीद की।